HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - सिम्भावली **दिनांक 14.02.2026**

थाना सिम्भावली पुलिस ने दुष्कर्म के अभियोग में करीब 22 वर्ष से मफरुर चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरणः-

वर्ष 2001 में अभियुक्त द्वारा दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना सिम्भावली पर मु0अ0सं0 115/2001 धारा 376 भादवि पंजीकृत किया गया था। तत्समय सिम्भावली पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर आरोप पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया था तथा जमानत के उपरान्त अभियुक्त कभी भी मा0 न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ।

कार्यवाहीः-

हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में करीब 22 वर्ष से मफरुर चल रहे अभियुक्त को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

सरफराज पुत्र शौकिन निवासी ग्राम बक्सर थाना सिम्भावली जनपद हापुड।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. व0उ0नि0 संजय शर्मा थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 यतेन्द्र सिंह थाना सिम्भावली जनपद हापुड।
3. है0का0 417 उदय सिंह थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
4. का0 26 सचिन कुमार थाना सिम्भावली जनपद हापुड।